यातायात तथा संचार के साधन

पा.सं.	पाठ का शीर्षक	कौशल	क्रियाकलाप
13	यातायात तथा संचार के साधन	आत्म बोध, समस्या समाधान, निर्णय ले पाना, प्रभावी संचार	संचार के साधनों का उपयुक्त प्रयोग

अर्थ

यातायात तथा संचार देश की जीवन रेखाएं हैं। यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यातायात की प्रमुख भूमिका व्यापार तथा वाणिज्य को सुगम करने के लिए सामान तथा लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाना/ले जाना है। संचार हमें विश्व की घटनाओं की ताजा जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक संबंध बनाने में सहायक होता है। यातायात के साधन निम्न हैं:





प्रमुख महा राजमार्ग

- स्वर्णिम चतुर्भुज–दिल्ली, मुंम्बई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ता है।
- उत्तर–दक्षिण गलियारा–श्रीनगर से कन्याकुमारी को जोड़ता है।
- पूर्व–पश्चिम गलियारा–सिलचर को पोरबंदर से जोड़ता है।

(पाठ्य पुस्तक के मानचित्र का अवलोकन करें।)

प्रमुख बिन्दु

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने तीन राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए हैं।

- राष्ट्रीय जलमार्ग I– उत्तर प्रदेश में गंगा नदी में इलाहाबाद से पश्चिम बंगाल में हल्दिया तक
- राष्ट्रीय जलमार्ग II – असम में ब्रह्मपुत्र नदी से धुबरी तक (891 कि.मी.)
- राष्ट्रीय जलमार्ग III – केरल में कोल्लम से कोट्टापुरम तक (205 कि.मी.)

रेलवे के विकास के लिए जिम्मेदार कारक

- रेलवे का निर्माण पहाड़ी क्षेत्र में बहुत मुश्किल और मंहगा है जबकि समतल भूमि के क्षेत्रों में इसे आसानी से बनाया जा सकता है।
- भारत के उत्तरी मैदानी इलाकों में रेलवे का नेटवर्क अधिक सघन व विकसित है जबकि रेगिस्तान, पहाड़ी, घने जंगलों तथा बाढ़ प्रकोपी इलाकों में कम।
- औद्योगिक क्षेत्रों, खनन के विकसित क्षेत्रों में रेलवे का नेटवर्क अधिक विकसित हैं जबकि कम विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में कम।
- घनी आबादी वाले क्षेत्र रेलवे से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं।
- शहरी क्षेत्रों या बड़े शहरों में रोजगार, व्यापार, शिक्षा, बैंकिग के अवसरों के कारण रेलवे नेटवर्क का घनत्व अधिक है।

समुद्रीय जलमार्ग

भारत तीन ओर से अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिन्द महासागर से घिरा हुआ है। इसकी 7516 किलोमीटर लम्बी तटरेखा है। भारतीय समुद्री जलमार्ग की दो श्रेणियां है:

- तटीय नौवहन: देश के तट पर स्थित बंदरगाहों के बीच यात्रियों और माल परिवहन तटीय जलमार्ग के द्वारा किया जाता है। 12 प्रमुख बंदरगाहें और 189 छोटे तथा मध्यम वर्ग के बंदरगाह हैं। पाठ्य पुस्तक में मानचित्र देखें।
- अंतर्राष्ट्रीय नौवहन: अंतर्राष्ट्रीय परिवहन पश्चिमी तट से अमेरिका तथा यूरोप के लिए किया जाता है तथा पूर्वी तट मलेशिया, आस्ट्रेलिया, चीन तथा जापान के लिए किया जाता है।

वायु परिवहन

आज वायु परिवहन सड़क और रेलवे परिवहन की तरह यातायात का महत्वपूर्ण साधन है। भारत में दोनों; राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की सुविधाएं उपलब्ध हैं। पाठ्य पुस्तक का मानचित्र देखें।

यात्रा की उच्च लागत के कारण यह साधारण व्यक्ति की पहुँच से बाहर है। पिछले कुछ वर्षों में हवाई परिवहन के प्रयोग में वृद्धि हुई है।

संचार

संचार विचारों, सूचनाओं और संदेशों को ले जाने, अपने परिवार के सदस्यों या मित्रों के साथ अपने दु:ख और सुख को बांटने का एक साधन है। संचार के विभिन्न साधन हैं जैसे पत्र, रेडियो, टी.वी., समाचार पत्र, मैगजीन, तार, फैक्स तथा ईमेल इत्यादि।



स्वयं का मूल्यांकन कीजिए

प्र. भारत के राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा घोषित तीन राष्ट्रीय जलमार्गों को पहचानिए।

प्र. हमारे दैनिक जीवन में नवीन संचार तकनीक किस प्रकार सहायक हैं?

प्र. भारत के रेखा मानचित्र पर निम्न को अंकित कीजिए।

- स्वर्णिम चतुर्भुज
- सबसे लम्बी रेलवे लाईन
- राष्ट्रीय जल मार्ग -I
- पश्चिम तट पर स्थित बंदरगाह
- एक राज्य में दो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे